CMYK


Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 291 □ रायपुर, सोमवार 16 नवम्बर 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

महासमुंद जिला जेल की सुरक्षा में बड़ी चूक कंबल के सहारे भागे 4 कैदी, 1 दीवार से गिरा



जेल में बंद चार विचाराधीन बंदी कंबलों की मदद से दीवार पार कर फरार हो गए, पांचवां बंदी दीवार से नीचे गिर गया, जिसके कारण वह जेल से बाहर नहीं निकल सका

महासमुंद, 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिला जेल में सोमवार तड़के सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने वाली बड़ी घटना सामने आई है। जेल में बंद चार विचाराधीन बंदी कंबलों की मदद से दीवार पार कर फरार हो गए। घटना सुबह करीब चार बजे की बताई जा रही है। वहीं, भागने की कोशिश कर रहा पांचवां बंदी दीवार से नीचे गिर गया, जिसके कारण वह जेल से बाहर नहीं निकल सका। चार बंदियों के फरार होने की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस और जेल प्रशासन ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह करीब चार बजे बंदियों ने जेल से भागने की कोशिश की। इसके लिए उन्होंने कंबलों को आपस में बांधकर उनका इस्तेमाल जेल की दीवार पार करने में किया। चार बंदी दीवार फांदकर जेल परिसर से बाहर निकलने में सफल रहे। इस दौरान एक अन्य बंदी ने भी उनके साथ भागने की कोशिश की, लेकिन वह दीवार से वापस नीचे गिर गया। इस वजह से उसका जेल से निकलने का प्रयास असफल हो गया। घटना का पता चलते ही जेल प्रशासन सक्रिय हुआ और फरार बंदियों की तलाश के लिए पुलिस की मदद ली गई।

जेल की निगरानी व्यवस्था सवालों के घेरे में: महासमुंद जिला जेल से एक साथ चार विचाराधीन बंदियों के फरार होने की घटना ने जेल परिसर की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बंदियों ने किस तरह अपनी योजना को अंजाम दिया और उनकी गतिविधियों का समय रहते पता क्यों नहीं चल सका, यह जांच का महत्वपूर्ण विषय बन गया है। जेल परिसर में बंदियों की निगरानी और सुरक्षा इंतजामों के बीच चार लोगों का बाहर निकल जाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। घटना के समय की परिस्थितियों और संभावित सुरक्षा चूक की विस्तृत जांच की जा रही है।

फरार बंदियों की तलाश में जुटी पुलिस: घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और जेल प्रशासन ने फरार बंदियों की तलाश शुरू कर दी है। उनके संभावित ठिकानों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पुलिस की प्राथमिकता चारों फरार बंदियों को पकड़ना है। इसके साथ ही जेल प्रशासन घटना के पूरे घटनाक्रम और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े पहलुओं की जांच कर रहा है। महासमुंद जिला जेल में हुई इस घटना के बाद अब सभी की निगाहें पुलिस की कार्रवाई और जांच के नतीजों पर टिकी हैं।

गांजा तस्करी और चोरी के मामलों में जेल में थे बंद

फरार हुए चारों बंदी अलग-अलग आपराधिक मामलों में विचाराधीन थे। इनमें से तीन गांजा तस्करी के मामलों में जेल में बंद थे, जबकि एक पर चोरी का आरोप है। जानकारी के अनुसार, फरार बंदियों में दो मध्यप्रदेश के जबलपुर के रहने वाले हैं। इसके अलावा एक बंदी राजस्थान और एक महासमुंद जिले का निवासी बताया गया है। अलग-अलग राज्यों से संबंध रखने वाले बंदियों के फरार होने के बाद पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। उनके संभावित ठिकानों पर कार्रवाई किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

पांचवें बंदी की कोशिश रही नाकाम: *जेल से भागने की इस घटना में पांच बंदियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है। चार बंदी जेल की दीवार पार करने में सफल रहे, लेकिन पांचवां बंदी दीवार से नीचे गिर गया। घटना के दौरान बंदियों ने कंबलों का इस्तेमाल किया था। जेल प्रशासन अब इस बात की जांच कर रहा है कि बंदियों को भागने का अवसर कैसे मिला और सुरक्षा व्यवस्था में किस स्तर पर चूक हुई।*

शिक्षा मंत्री के बंगले का डीएड अभ्यर्थियों ने किया घेराव, मौके पर पुलिस बल मौजूद



रायपुर, 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। प्रदेश के डीएड अभ्यर्थियों ने एक बार फिर 2300 सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है. राजधानी रायपुर में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के बंगले का सुबह 6:30 बजे घेराव कर डीएड अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है. इससे पहले 5 नवंबर को प्रदर्शनकारी मंत्री बंगला में घुसकर धरने पर बैठ गए थे, जिसके बाद से यहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जानकारी के मुताबिक, डीएड अभ्यर्थी पिछले 11 महीनों से सहायक शिक्षक भर्ती 2023 के शेष रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं. लंबे समय से आंदोलन के बावजूद मांग पूरी नहीं होने से अभ्यर्थी में नाराजगी जारी है. आज फिर वह शिक्षा मंत्री के बंगले पहुंच गए हैं. प्रदर्शन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद है. पुलिस लगातार अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है. इस बीच कुछ लोगों को पुलिस उठाकर गाड़ी में भर रही है।

बता दें कि यह मामला वर्ष 2023 की सहायक शिक्षक भर्ती से जुड़ा है. डीएड अभ्यर्थियों का आरोप है कि बीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति निरस्त होने के बाद रिक्त पदों पर पात्र डीएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जानी थी, लेकिन प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई. अभ्यर्थियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद नियुक्ति नहीं हो पाई है. वे न्यायालय के आदेशों का पालन कराने की मांग भी कर रहे हैं. आंदोलन के दौरान अभ्यर्थी कई बार ज्ञापन सौंप चुके हैं. इसके अलावा कैंडल मार्च, मौन धरना, दंडवत यात्रा और सांकेतिक प्रदर्शन जैसे अलग-अलग तरीके अपना चुके हैं. अभ्यर्थियों की प्रमुख मांग 2300 सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति और नियुक्ति की निश्चित समय-सीमा घोषित करना है।

ब्रेकिंग न्यूज

अमेरिका में तीसरे दिन भी आसमान पर लगा ब्रेक; 10 हजार से ज्यादा उड़ानें प्रभावित, ट्रंप ने सिस्टम पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, 16 नवम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिका में हवाई यात्रा का संकट तीसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के बाद रविवार को भी हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विमानन डेटा ट्रैकर फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, रविवार को अमेरिका में 10 हजार से अधिक उड़ानें प्रभावित हुईं। इनमें 2,300 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं, जबकि करीब 7,700 उड़ानों में देरी हुई। अमेरिकी परिवहन सचिव शॉन डफी ने उम्मीद जताई है कि सोमवार तक हवाई सेवाएं सामान्य हो सकती हैं। उन्होंने साइबर हमले की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा एफएए की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयरलाइंस अपने उड़ान कार्यक्रम को पटरी पर लाने की कोशिश कर रही हैं। इस तकनीकी संकट का असर शनिवार को भी दिखाई दिया था। उस दिन 6,400 से अधिक उड़ानें रद्द हुई थीं, जबकि 8 हजार से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई थी। रविवार को भी स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ।

छठ महापर्व: सीएम साय ने पत्नी कौशल्या के साथ उगते सूर्य को दिया अर्घ्य



जशपुर, 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपनी पत्नी कौशल्या साय के साथ सुबह घर से छठ पूजा की सामग्री और प्रसाद से सजे सूप-दउरा लेकर कुनकुरी स्थित छठ घाट पहुंचे. यहां दोनों ने जल में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और विधि-विधान से छठी मैया की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री साय ने बताया कि हर साल की तरह मैं और मेरी पत्नी छठ महापर्व मनाने के लिए अपने विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी आए हैं. हर साल यहां उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सभी का आशीर्वाद लेते हैं. आज छठ घाट का 'भूमि पूजन' है. सभी लोगों को छठ महापर्व की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामना। सबके घर से सुख और समृद्धि आए।

131.668 किलोग्राम गांजा के साथ महाराष्ट्र के 5 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

दो कारों सहित 72.45 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त



धमतरी, 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। सायबर थाना एवं थाना अर्जुनी की संयुक्त पुलिस टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 131.668 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ महाराष्ट्र निवासी पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों के कब्जे से गांजा सहित दो चारपहिया वाहन एवं पांच मोबाइल फोन, कुल लगभग 72,45,400 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उड़ीसा के जयपुर क्षेत्र से चारामा होते हुए महाराष्ट्र की ओर जा रहे टाटा नैनो कार एवं स्विफ्ट डिजायर कार में सवार पांच व्यक्ति भारी मात्रा में गांजा का अवैध परिवहन कर रहे हैं।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए श्यामतराई नाका, धमतरी में घेराबंदी की गई तथा मुखबिर द्वारा बताए गए दोनों संदिग्ध वाहनों को रोककर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों से कुल 131.668 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त दोनों वाहनों सहित अन्य सामग्री को विधिवत जप्त कर मौके पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार आरोपियो मे कुंदन उर्फ सचिन कैलाश ईगेडे, पिता कैलाश ईगेडे, 27 वर्ष, निवासी मलकापुर वागुढ़, जिला बुलढाना, रामेश्वर सालिक राम दांडगे, पिता सालिक राम दांडगे, 31 वर्ष, निवासी संभाजीनगर हाईवे रोड, राबिनसन लॉरेंस फर्नांडिस, पिता लॉरेंस फर्नांडिस, 32 वर्ष, निवासी वेललाडे, लखन गुलाब बेलदार, पिता गुलाब बेलदार, 34 वर्ष, निवासी वेललाडे, गणेश विजय पाटिल, पिता विजय पाटिल,29 वर्ष, निवासी वेललाडे, जलगांव, महाराष्ट्र शामिल है।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, अकवान नाम से फिर नया तूफान आ रहा है..!
चुहिया- हां जी, आदमी की जिंदगी में तो तूफान ही तूफान है..!

खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई: उत्सव डेयरी से 2 हजार किलो खोवा, 900 किलो पनीर और 150 किलो मिठाई नष्ट



बेमेतरा, 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बेरला स्थित उत्सव डेयरी में छापेमारी के दौरान करीब 2,000 किलो खोवा, 900 किलो पनीर और 150 किलो अलग-अलग मिठाइयां बेहद खराब हालत में रखी मिलीं। जांच में कई पैकेटों में फफूंद भी पाया गया। खाद्य पदार्थों के अस्वच्छ परिस्थितियों में भंडारण को देखते हुए विभाग ने नगर पालिका के अधिकारियों के सहयोग से पूरी सामग्री को मौके पर ही नष्ट करा दिया। वहीं एनालॉग पनीर निर्माण के संदेह पर नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। कार्रवाई के लिए रायपुर से खाद्य विभाग की विशेष टीम मौके पर पहुंची थी। जानकारी के अनुसार, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में विभागीय टीम ने 15 नवंबर को बेरला स्थित उत्सव डेयरी का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में खोवा, पनीर और मिठाइयों का भंडारण बेहद गंदी परिस्थितियों में पाया गया। खाद्य पदार्थों के कई पैकेटों में फफूंद लगी हुई थी। इसके अलावा फर्श फिसलन भरा था और पूरे परिसर में स्वच्छता मानकों का उल्लंघन पाया गया। निरीक्षण के दौरान एक और गंभीर अनियमितता सामने आई। विभागीय टीम के मुताबिक, डेयरी में दूध फाड़ने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा एसिटिक एसिड फूड ग्रेड का नहीं था।

ब्रिटेन प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट भारत पहुंचे; 10 साल बाद शाही जोड़ा आया, मुंबई में सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की



नई दिल्ली, 16 नवम्बर (न्यूज चैनल)। ब्रिटेन का शाही कपल आज सोमवार को भारत के दौरे पर आ रहा है. ब्रिटेन के प्रिंस विलियम अपनी पत्नी केट मिडल्टन के साथ तीन दिनों की यात्रा पर मुंबई आ रहे हैं, जहां वह सालाना अर्थशॉट प्राइज अवॉर्ड समारोह में शामिल होंगे। यह अवॉर्ड मंगलवार 17 नवम्बर को दिया जाएगा। मंगलवार को होने वाले समारोह के बाद, यह शाही जोड़ा बुधवार को नयी दिल्ली जाएगा, जहां वे प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे. प्रिंस विलियम और केट मिडलटन का यह दूसरा आधिकारिक भारत दौरा है. मुंबई में अपने प्रवास के दौरान दोनों अलग-अलग क्षेत्रों में हो रहे नवाचार और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रयासों को करीब से देखेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता लागू होने के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिली है. इस दौरे का मुख्य केंद्र छठा और सबसे बड़ा 'अर्थशॉट प्राइज अवार्ड्स' है, जो जलवायु संबंधी नवाचारों को सम्मानित करता है। इसके अलावा, विलियम और केट कई अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

बिलासपुर में सड़क किनारे मिली रायगढ़ के युवक की लाश, इलाके में फैली सनसनी



बिलासपुर, 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। न्यायधानी बिलासपुर के लालखदान स्थित संत नगर में सड़क किनारे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से हड़कंप मच गया है. घटना की जानकारी मिलने ही मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी. मृतक की पहचान रायगढ़ के घरघोड़ा निवासी उत्तम कुमार के रूप में हुई है. मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची है. शव के पास से पानी बोतल, पर्स और गमछा मिला है. फोरेंसिक टीम ने भौतिक साक्ष्य जुटाकर जांच के लिए भेजे हैं. शुरूआती तौर पर मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है. हालांकि पुलिस की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मौत का असली राज खोलेगी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है. वहीं शव के पास मिले सामाग्रियों को जब्त किया गया है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने और लोगों से घटना के संबंध में पता लगाने की कोशिश की जा रही है. मामले की जांच जारी है।

साइबर ठगों ने अपनाया नया तरीका: बिना ओटीपी दिए अकाउंट से कैसे पार हो गए 10.20 लाख रुपए



रायपुर/बिलासपुर, 16 नवम्बर (हाईवे चैनल)। न कोई फोन आया, न कोई लिंक खोला, न किसी को ओटीपी बताया – फिर भी रात 3 बजे मोबाइल पर मैसेज आया कि क्रेडिट कार्ड से 10 लाख 20 हजार रुपये निकल गए। बिलासपुर के कारोबारी आनंद अग्रवाल के साथ यही हुआ है। अब सवाल यही है कि बिना ओटीपी के ये फ्रॉड हुआ तो हुआ कैसे? साइबर फ्रॉड के शिकार आनंद अग्रवाल ने इस मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में की, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बिलासपुर के मंगला चौक स्थित रियल हेवन्स अपार्टमेंट निवासी आनंद अग्रवाल निर्माण व्यवसाय से जुड़े हैं। 7 नवंबर की रात करीब तीन बजे उन्होंने मोबाइल देखा तो क्रेडिट कार्ड से 10 लाख 20 हजार रुपये निकाले जाने का संदेश मिला। आनंद ने न तो कोई ऑनलाइन खरीदारी की थी और न ही उनके पास इससे पहले कोई संदिग्ध फोन या संदेश आया था। उन्होंने अपनी पत्नी अन्नू से भी जानकारी ली, लेकिन परिवार की ओर से भी कोई खरीदारी नहीं की गई थी।

कारोबारी ने पुलिस को बताया कि न तो उनसे ओटीपी मांगा गया और न ही उन्होंने किसी को ऐसा कोड दिया। इसके बावजूद उनके क्रेडिट कार्ड से बड़ी रकम निकाल ली गई। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस लेनदेन और डिजिटल गतिविधियों की जांच कर रही है। इसी तरह धोखाधड़ी का दूसरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र में सामने आया है। बिल्हा के केसला निवासी कारोबारी गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल 6 नवंबर को खरीदारी के लिए गोलबाजार गए थे। इस दौरान उनका मोबाइल फोन गुम हो गया। उन्होंने कोतवाली थाने में इसकी सूचना दी और पुराना सिम बंद कराकर नया सिम ले लिया। इसके बावजूद 9 से 11 नवंबर के बीच उनके बैंक खाते से कुल 2 लाख 96 हजार रुपये निकाल लिए गए। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। दोनों मामलों में पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि ठगों ने बैंकिंग और डिजिटल सुरक्षा को कैसे भेदा।